आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक 18.06.2024 समय 18.30

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी की– 9 करोड़ 26 लाख किसानों को 20 हजार करोड रूपये से अधिक की राशि हस्तान्तरित।
- प्रधानमंत्री ने ग्राम पंचायत प्रमुखों से योग और मोटे अनाज के बारे में जागरूकता फैलाकर समग्र स्वास्थ्य को जन आन्दोलन बनाने का आग्रह किया।
- प्रदेश में नवनिर्वाचित पांच सांसदों ने विधायक पद से इस्तीफा दिया।
- प्रदेश में अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी–मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों में बीकानेर, भरतपुर, जयपुर संभागों में अधिकतम तापमान 44–47 डिग्री दर्ज होने की संभावना जताई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी की। वाराणसी में किसान सम्मान सम्मेलन में उन्होंने डीबीटी के जरिये नौ करोड 26 लाख लाभार्थी किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तान्तरित की। अब तक 11 करोड से अधिक पात्र किसान परिवार इस योजना के तहत तीन लाख चार हजार करोड रूपये से अधिक का लाभ ले चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कृषि सखी के रूप में स्वयं सहायता समूहों की तीस हजार से ज्यादा महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किये। प्रदेश के ग्राम पंचायत मुख्यालयों, कृषि उपज मण्डियों और कृषि विज्ञान केन्द्रों पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्राम पंचायत प्रमुखों से योग और मोटे अनाज के बारे में जागरूकता फैलाकर समग्र स्वास्थ्य को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने ग्राम प्रधानों को लिखे पत्र में कहा है कि पंचायत परिसरों, स्कूलों, आंगनबाड़ियों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर योग आधारित कार्यक्रमों का आयोजन लोगों और विशेषकर युवाओं को स्थायी और तनाव मुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए ग्राम पंचायतों के सभी निवासियों को शुभकामनाएं देते हुए, श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय है – स्वयं और समाज के लिए योग। इससे एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण की दिशा में सरकार के प्रयासों को और बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि योग देश की प्राचीन संस्कृति का उपहार है जो समग्र स्वास्थ्य में सहायक है। योग का अभ्यास मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि योग और मोटा अनाज यानि श्री अन्न शरीर और मस्तिष्क के लिए आवश्यक है।

000

केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने आज नई दिल्ली में दृष्टिबाधित लोगों की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि में सामान्य योग प्रोटोकॉल पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने योग पर प्रोफेसर आयुष्मान कॉमिक का लोकार्पण भी किया। यह पुस्तक बच्चों को रुचि और मनोरंजन के साथ योग सीखने और अभ्यास करने में मदद करेगी। इसके अलावा आयुष मंत्रालय ने योग के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और स्टार्ट–अप को बढ़ावा देने के लिए माई गॉव पोर्टल और माई भारत पोर्टल पर योगाटैक चैलेंज शुरू किया है। इसका उद्देश्य योग से संबंधित उपकरण, सॉफ्टवेयर और सहायक उत्पाद विकसित करने वाले स्टार्ट–अप और व्यक्तियों की पहचान करना तथा उन्हें बढ़ावा देना है।

000

राज्य में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सिलसिले में आज भी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम हुए। अजमेर के पुष्कर में आयुर्वेद विभाग द्वारा आज जयपुर घाट पर योग का पूर्व अभ्यास करवाया गया। राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय पुष्कर के चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष योग को घर–घर पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी 20 जून तक पुष्कर के विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास करवाया जाएगा। भीलवाड़ा में योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम चित्रकूट धाम पर होगा। कोटपूतली–बहरोड़ और बालोतरा जिलों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बूंदी में खेल संकुल में आशा सहयोगिनियों और

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए योग शिविर आयोजित किया गया जिसमें योग प्रोटोकॉल तथा मोटापा और उदर रोग से संबंधित योगाभ्यास कराया गया।

000

प्रदेश में नवनिर्वाचित पांच सांसदों ने अपना विधायक पद छोड़ दिया है। खींवसर से विधायक हनुमान बेनीवाल ने आज अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को सौंप दिया। इससे पहले प्रदेश से चार नवनिर्वाचित सांसद दौसा से मुरारी लाल मीना, झुंझुनूं से बृजेंद्र ओला, चौरासी से राजकुमार रोत और देवली–उनियारा से हरीश मीना इस्तीफा दे चुके हैं। इसी कड़ी में आज हनुमान बेनीवाल ने भी इस्तीफा दे दिया। विधायको से सांसद निर्वाचित होने से खाली हुई सीटों पर अब विधानसभा के उप चुनाव होंगे। गौरतलब है कि हाल ही हुए लोक सभा चुनाव मैं दौसा से मुरारी लाल मीणा, झुंझुनूं से बृजेन्द्र ओला, नागौर से हनुमान बेनीवाल, टोंक सवाई माधोपुर से हरीश मीणा तथा बांसवाड़ा से राजकुमार रोत सांसद निर्वाचित हुए हैं। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधायकों की ओर से दिये गये इस्तीफे मंजूर कर लिये हैं। राज्य विधानसभा की ओर से इस बारे में अधिसूचना जारी की गई है।

000

.......................

प्रदेश में आज अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी रही। जयपुर सहित कई जगह उमस ने भी लोगों को परेशान किया। तेज गर्मी और उमस ने लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर कर दिया है। सवाईमाधोपुर जिले में आज भी भीषण गर्मी का दौर रहा। दिन चढ़ने के साथ ही तापमान में बढोतरी दर्ज होने से तेज गर्मी के असर से आमजन जीवन पर इसका असर देखा गया। दोपहर बाद हुई हल्की बरसात से तापमान में कुछ गिरावट हुई, लेकिन धूप निकलते ही उमस और गर्मी का असर फिर से तेज हो गया। भीलवाड़ा जिले में भी गर्मी के तेवर तीखे रहे। इस कारण आमजन सहित पशु–पक्षियों को भी बैचेन देखा गया। करौली में दिन का तापमान 45 डिग्री के पार पहुंचने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

बूंदी में लोग तेज गर्मी और उमस से बेहाल रहे। इस बीच भरतपुर में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। बरसात से मौसम खुशनुमा हो गया।

...........................

इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि आगामी 48 घंटों में राज्य के बीकानेर, भरतपुर, जयपुर संभागों में अधिकतम तापमान 44–47 डिग्री दर्ज होने और कहीं–कहीं भीषण लू चलने की संभावना है। कहीं–कहीं रात में भी लू के हालात रह सकते हैं। इस दौरान राज्य में कुछ स्थानों पर 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की सम्भावना है।

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के बारे में बता रहे हैं–तीन नये आपराधिक कानूनों में पूर्व की दण्ड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर लाई गई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में पीड़ितों के अधिकारों को कई तरीकों से परिभाषित और संरक्षित किया गया है, जो पीड़ितों को आपराधिक कार्यवाही में सक्रिय भागीदार बनाता है। 30 से अधिक ऐसे प्रावधान हैं जो पीड़ितों के अधिकारों को प्रभावी ढंग से प्राथमिकता देते हुए उनकी रक्षा करते हैं।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने आज दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल की राष्ट्रपति से यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की। श्री मोदी से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। श्री मिश्र ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की।

000

माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने आज जयपुर में महात्मा गांधी विद्यालयों में प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली। प्रदेश के 3737 महात्मा गांधी विद्यालयों के लिए 84 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिये आवेदन किया था। महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की प्रवेश लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों की सूची ऑन लाइन पोर्टल पर जारी कर दी गई है।

000

प्रदेश में निर्जला एकादशी परम्परागत श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। इस मौके पर लोगों ने पवित्र सरोवरों में स्नान कर दान–पुण्य किया और मन्दिरों में दर्शन किये। लोगों ने कई स्थानों पर पानी और शर्बत की छबील लगाकर राहगीरों की सेवा की। पुष्कर में सुबह से ही सरोवर के 52 घाटों पर श्रद्धालुओं का मेला सा लगा हुआ है। पाली में मन्दिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया है।
साथ ही भक्तों द्वारा दान पुण्य किया जा रहा है। शहर के सिद्धि विनायक मंदिर के बाहर 300 लीटर लस्सी श्रद्धालुओं को वितरित की गई। चूरू में इस मौके पर मन्दिरों में विशेष झांकिया सजाई गई हैं।
जैसलमेर जिले के रामदेवरा में निर्जला एकादशी पर देश के कोने–कोने से आए भक्तों ने बाबा की समाधि के दर्शन कर देश और प्रदेश में अमन, चैन और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर बाबा के दरबार में भजन कीर्तन किए गए।

000

बारां जिले के शाहबाद उपखण्ड के कस्बा थाना में मोबाइल चार्ज करते समय करंट लगने से 2 सगे भाईयों की मौत हो गई। हादसे में परिवार की एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई जिसे बारां जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

000

जयपुर एयरपोर्ट को आज फिर मेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट पर तलाशी अभियान चलाया। सर्च अभियान में एयरपोर्ट पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। धमकी के बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि पिछले 6 माह में 5वीं बार मेल के जरिए एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

000